**खबर संक्षेप**

## जिले में 40 दिवसीय निःशुल्क ऑन लाइन योग प्रशिक्षण शुरू

**कटनी।** जिले में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आमजन को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करने हेतु 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व 40 दिवसीय निःशुल्क ऑनलाइन योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह पहल भारत सरकार के आयुष मंत्रालय एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संचालित की जा रही है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. आशीष रेजा ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 मई से प्रारंभ होकर जिले के 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है। प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक पंडित खुशीलाल आयुर्वेद चिकित्सालय से योग आयोग के विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से योग सत्र संचालित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, संबंधित संस्थानों में कार्यरत योग प्रशिक्षकों एवं सहायकों द्वारा प्रतिदिन लगभग 200 हितग्राहियों को योगाभ्यास कराया जा रहा है। इस पहल से लोगों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ा जा सके और उन्हें इसके लाभों के प्रति जागरूक किया जा सके।

## जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक 21 मई को

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यगक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक गुरूवार 21 मई को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रे ट सभाकक्ष में आयोजित जाएगी। बैठक के दौरान पुलिस, वन, खनिज, राजस्व, आदिम जाति कल्याण, जल संसाधन, परिवहन, पशुपालन और विद्युत विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को अद्यतन जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

## हाईकोर्ट के निर्देश अतिक्रमण हटाने की गई कार्यवाही



**कटनी।** हाईकोर्ट मध्यप्रदेश के आदेशों के परिपालन में नगर परिषद विजयराघवगढ़ द्वारा नगर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के विरुद्ध शनिवार 16 मई को नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही की गई। नगर को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं यातायात व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान सतत रूप से संचालित रहेगा। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान एसडीएम विवेक गुप्ता, तहसीलदार मनीष शुक्ला, एसडीओपी वीरेंद्र धर्वे, थाना प्रभारी रितेश शर्मा सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अमला मौके पर उपस्थित रहा। वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष परते ने स्वयं स्थल पर मौजूद रहकर संपूर्ण कार्रवाई की निगरानी की तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती राजेश्वरी हरीश दुबे एवं उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने नगर को अतिक्रमण मुक्त एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु परिषद द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। प्रशासन एवं परिषद के संयुक्त समन्वय से कार्रवाई शांतिपूर्ण एवं विधिसम्मत तरीके से संपन्न कराई गई। नगर परिषद द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि सार्वजनिक स्थलों एवं मार्गों पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न करें तथा नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग प्रदान करें।

### निगम प्रशासन का सख्त एक्शन, 14 स्कूल-कॉलेज और एक अस्पताल पर की गई कार्रवाई

# 15 संस्थानों पर ठोंका 10 लाख का जुर्माना, सात दिन में राशि जमा नहीं किया तो होगी तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




शैक्षणिक और व्यावसायिक संस्थानों में बच्चों और आम जनता की सुरक्षा को ताक पर रखने वालों के खिलाफ नगरपालिक निगम कटनी ने अब तक की सबसे सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निगम प्रशासन ने नेशनल बिल्डिंग कोड (NBC) 2016 के तहत अनिवार्य फायर सेफ्टी उपकरण न लगाने और फायर एनओसी (प्रमाण पत्र) न लेने वाले 14 नामचीन स्कूल-कॉलेजों और एक अस्पताल पर प्रतिदिन 500 रुपये के हिसाब से कुल 9 लाख 97 हजार 500 रुपये से अधिक का जुर्माना अधिरोपित कर दिया है।

निगम प्रशासन ने साफ कर दिया है कि हालिया अग्नि दुर्घटनाओं के बाद अब नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित संस्थानों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे 7 दिवस के भीतर जुर्माने की राशि जमा करें और एम.पी. ई-नगरपालिका पोर्टल पर फायर प्लान अप्रूवल के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें। यदि निर्धारित समयावधि में आदेश का पालन नहीं किया गया, तो संबंधित संस्था और भवन को बंद (सील) करने की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संस्था संचालकों की होगी।

### इन संस्थानों पर हुई कार्रवाई

नगर निगम द्वारा शहर के जिन प्रमुख संस्थानों को नोटिस जारी कर जुर्माना अधिरोपित किया गया है, उनमें वार्ड क्रमांक 17 स्थित विष्णु वेद सरस्वती स्कूल, शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी, वार्ड क्रमांक 16 स्थित किड्स केयर स्कूल, वार्ड क्रमांक 15 स्थित अनामिका एकेडमी स्कूल, डायमंड इंग्लिश मीडियम स्कूल माधव नगर, शासकीय कन्या महाविद्यालय, बार्डस्ले सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लाइम सिटी इंटरनेशनल स्कूल, नालंदा पब्लिक स्कूल, वार्ड क्रमांक 11 स्थित लाला मथुरादास शिक्षा समिति, बारडोली महाविद्यालय कावसजी वार्ड, कुंदन दास हायर सेकेंडरी स्कूल, कटनी डिग्री कॉलेज जगमोहन दास वार्ड, सीक्रेट हार्ट स्कूल एवं बाबा माधव शाह चिकित्सालय शामिल हैं।

### चेतावनी पर भी नहीं चेते संचालक

नगर निगम प्रशासन के अधिकारियों के मुताबिक शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि हर व्यावसायिक और शैक्षणिक भवन में अग्निशमन सुरक्षा उपाय लागू करना और समय-समय पर फायर ऑडिट कराकर प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य है। इस संबंध में पूर्व में भी लगातार समाचार पत्रों, आधिकारिक सूचना पत्रों और विभिन्न माध्यमों से इन संस्थानों को आगाह किया गया था। इसके बावजूद इन संस्थानों ने न तो आवश्यक उपकरण स्थापित किए और न ही फायर ऑडिट कराने की जहमत उठाई।

### सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

निगम प्रशासननगर निगम प्रशासन ने दो टूक शब्दों में कहा है कि किसी भी आपात स्थिति या शॉर्ट सर्किट के दौरान अग्नि सुरक्षा पुख्ता न होना बेहद गंभीर हादसों को न्यौता देता है। मासूम बच्चों और मरीजों की जान को इस तरह जोखिम में नहीं डाला जा सकता। निगम का यह अभियान केवल जुर्माना वसूलने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे कटनी शहर में एक सुरक्षित, जिम्मेदार और नियम सम्मत संस्थागत व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक निरंतर चलने वाला सख्त कदम है।

## सिंहवाहिनी मंदिर मे 56 भोग अर्पित कर की गई आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



इस बार ज्येष्ठ के महीने में अधिकमास आया, इसे पुरषोत्तम मास भी कहते हैं। पुरषोत्तम मास 17 मई से प्रारम्भ हुआ जो 15 जून तक चलेगा। इस कारण पूरे महीने स्लीमनाबाद नगर स्थित मंदिरों में धर्म की गंगा बहेगी। कहीं पूजा-अर्चना तो कहीं अभिषेक के साथ ही कथा भागवत का दौर चलेगा । बैंड बाजा, बारात, विवाह, गौना और तिलकोत्सव जैसे आयोजनों पर 17 मई से पुरुषोत्तम मास (अधिकमास) में रोक लग गई । पुनः 15 जून को इस मास की समाप्ति के बाद मांगलिक कार्यों के मुहूर्त प्रारंभ होंगे। पंचांग के अनुसार, अधिकमास के 30 दिनों में क्या करना चाहिए और क्या नहीं, इसे लेकर लोग भ्रमित हैं। इस महीने में निष्काम भाव से किए गए व्रत आदि का अक्षय फल प्राप्त होता है और व्रती के सभी अनिष्ट नष्ट हो जाते हैं।

### ये करें अधिकमास में

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि अधिकमास के दौरान यज्ञोपवीत, मुंडन, विवाह आदि मांगलिक कार्यों पर एक माह के लिए विराम रहेगा। इस अवधि में तपस्या, ध्यान, व्रत, उपवास और दान का अनंत फल प्राप्त होता है। अधिकमास के अधिष्ठाता देवता भगवान विष्णु हैं। उन्होंने स्वयं कहा है कि इस माह में की गई आराधना अक्षय फलदायी होती है और परमात्मा प्रसन्न होते हैं।

स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे महिला मंडल सदस्यों के द्वारा अधिक मास क़े आगाज होने के अवसर पर भगवान बांके बिहारी का श्रृंगार किया गया।इसके बाद रामचरित मानस पाठ हुआ व फिर 56 भोग अर्पित कर आरती की गई।

महिलाओं ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।इसी प्रकार बाबागढ़ धाम,कौड़यि स्थित श्रीराम जानकी मंदिर,खिरहनी स्थित जगदीश धाम व हरिदास ब्रजधाम कोहका मैं अधिक मास शुरू होने पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए। पंडित डॉ दिलीप पौराणिक ने बताया कि सिंहवाहिनी मंदिर पुरषोत्तम मास में महीने भर महिला मंडल क़े द्वारा प्रतिदिन रामचरित मानस पाठ व भजन कीर्तन का आयोजन किया जायेगा।

*संकरी गांव की घटना, पिंजरा लेकर पहुंची वन विभाग की टीम*

# घर में घुसे तीन कबर बिज्जू से मचा हड़कंप, वन विभाग न सभी को पकड़ जंगल में छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बरही-बड़वारा वन परिक्षेत्र के सकरी गांव के रिहायशी मकान में तीन कबर बिज्जू घुस गए। इससे घर में हड़कंप मच गया और परिजनों में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तीनों कबर बिज्जू का सुरक्षित रेस्क्यू किया।

जानकारी के अनुसार, सकरी गांव के एक ग्रामीण के घर में अचानक हलचल महसूस हुई। घर के सदस्यों ने देखा तो कोने में तीन कबर बिज्जू बैठे हुए थे। कबर बिज्जू अपने आक्रामक स्वभाव और तीखे दांतों-नाखूनों के लिए जाने जाते हैं, जिसके कारण घर के लोग तुरंत डर गए और शोर मचाते हुए बाहर भागे। जल्द ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल बरही वन विभाग को इसकी सूचना दी।

सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्राधिकारी के निर्देश पर रेस्क्यू टीम आवश्यक उपकरणों और पिंजरों के साथ मौके पर पहुंची। कबर बिज्जू बेहद फुर्तीले और हमलावर प्रवृत्ति के होते हैं, इसलिए उन्हें पकड़ना वन कर्मियों के लिए चुनौतीपूर्ण था। घर के भीतर संकरे स्थान होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी कठिनाइयां आईं। घंटों की कड़ी मशक्कत और सूझबूझ के बाद, वन विभाग की टीम ने तीनों वन्य प्राणियों को बिना किसी चोट के सुरक्षित रूप से पकड़ लिया। रेस्क्यू किए गए तीनों कबर बिज्जू को बाद में घने जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। इस सफल ऑपरेशन से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रेस्क्यू किए गए तीनों कबर बिज्जू पूरी तरह स्वस्थ हैं। पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। वन विभाग की टीम उन्हें आबादी वाले क्षेत्र से दूर, उनके अनुकूल सुरक्षित प्राकृतिक आवास (घने जंगल) में ले गई, जहां उन्हें सकुशल छोड़ दिया गया है।

इस सफल रेस्क्यू के बाद वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि गर्मी के दिनों में पानी और भोजन की तलाश में वन्य प्राणी अक्सर आबादी वाले क्षेत्रों की रुख करते हैं। ऐसी स्थिति में घबराने या वन्यजीवों पर हमला करने के बजाय तुरंत वन विभाग को सूचित करें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### जलकुंभी एवं अपशिष्ट निकालकर नदी की संवारी जा रही सूरत




जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा शहर के जल स्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर सतत प्रयास किए जा रहे हैं। गाटर घाट क्षेत्र में नदी सफाई अभियान जारी है। अभियान के तहत नदी में फैली जलकुंभी, प्लास्टिक अपशिष्ट एवं अन्य गंदगी को हटाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि नदी के जल प्रवाह को सुचारु बनाए रखने तथा जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा दो पोकलेन मशीन एवं ट्रैश क्लीनर मशीन की सहायता से विशेष सफाई अभियान संचालित किया जा रहा है। मशीनों के माध्यम गाटरघाट स्थित कर्बला शरीफ के पास की नदी की सफाई उपरांत मशीनों को अब रेलवे पुल के नीचे उतरा जाकर नदी की सतह एवं किनारों पर जमी जलकुंभी और अपशिष्ट सामग्री को लगातार हटाया जा रहा है। वहीं मसूरहा घाट में भी लेबर के माध्यम से घाट एवं नदी सफाई का कार्य जारी है। नदी की स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

# प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन कर बोर उत्खनन कराने पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी द्वारा जिले को जल अभावग्रस्त घोषित कर नवीन नलकूप (बोर) खनन पर लगाये गये प्रतिबंध का उल्लांघन कर नियम विरूद्ध नलकूप खनन के मामले में प्रशासन ने सख्तग कार्रवाई की है। ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम दियागढ़ में बिना अनुमति के शासकीय भूमि में अवैध रूप से नलकूप खनन करने के मामले में ढीमरखेड़ा थाना में राकेश गौड़ के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई है।

### रात के अंधेरे में कराया गया अवैध खनन

ढ़ीमरखेड़ा तहसील में पदस्थय हल्कान नं. 31 झिन्नाथ पिपरिया के पटवारी अमित कुमार पटैल को सूचना मिली थी कि गांव में अवैध बोरिंग कराई गई है। इसके बाद जब पटवारी श्री पटेल ने खसरा नंबर 98, रकवा 1.78 हेक्टेयर स्थित शासकीय भूमि का मौका मुआयना किया, तो वहां नलकूप खनन की पुष्टि हुई। जांच में सामने आया कि आरोपी राकेश गौड़ ने 15 मई की रात करीब 1 बजे गुपचुप तरीके से बिना अनुमति प्राप्ता किये अवैध बोरिंग करा लिया है। पटवारी ने मौके पर गवाहों के समक्ष पंचनामा तैयार कर इसकी रिपोर्ट तहसीलदार को सौंपी।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी द्वारा 25 मार्च 2026 को जारी आदेश के तहत पूरे कटनी जिले को 1 अप्रैल से 30 जून 2026 तक 'पेयजल अभाव ग्रस्त क्षेत्र' घोषित किया गया है। इस अवधि में बिना सक्षम अधिकारी के पूर्व अनुमति किसी भी प्रकार के नए निजी नलकूप खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

तहसीलदार ढीमरखेड़ा के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी राकेश गौड़ के खिलाफ शासकीय आदेश के उल्लंघन का अपराध पंजीबद्ध किया है। मामले की आगे की जांच सब-इंस्पेक्टर सुरेश चौधरी को सौंपी गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंधात्मरक आदेश का उल्लंगघन करने वालों के विरूद्ध इसी तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

*भविष्य में समस्या को दूर करने जल जीवन मिशन योजना के तहत किये जा रहे कार्य*

# बहोरीबंद के ग्राम बरतरा बरतरी एवं रीठी के खुसरा में शुरू हुई जलापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



विकासखंड रीठी के ग्राम खुसरा में ग्रामीणों को वर्तमान में 2 हजार लीटर क्षमता की पानी की टंकी के माध्यम से पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री पवनसुत गुप्ता ने बताया कि ग्राम खुसरा में सुचारू पेयजल उपलब्ध कराने हेतु वर्तमान में मुख्य ग्राम से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित नलकूप से पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

इस व्यवस्था के अंतर्गत, स्थापित की गई 2000 लीटर क्षमता की पानी की टंकी के माध्यम से वर्तमान में ग्रामीणों को पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, ग्राम में दीर्घकालिक और स्थाई पेयजल समाधान हेतु जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत भी कार्य प्रगति पर है। इस योजना के तहत मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा पवई-2 समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से ग्राम खुसरा को जोड़ा जा रहा है, जिससे भविष्य में हर घर जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम बरतरा-बरतरी में नल-जल योजना ग्राम पंचायत द्वारा संचालित की जा रही है। आंधी- तूफ़ान के चलते 10-12 दिन पहले 11 केव्ही की बिजली लाइन का तार और खंभा टूट गया था।जिसे अब सुधार दिया गया है और नल जल योजना से पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री पवनसुत गुप्ता ने बताया कि बीते शनिवार की रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक नलकूप से 80 हजार लीटर क्षमता की पानी की टंकी भरकर रविवार को सुबह 10:30 बजे से सर्किट वार पेयजल प्रदाय चालू* कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम बरतरा-बरतरी में पेयजल हेतु वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जहां ग्राम बरतरा में 9 हैण्डपम्प है और सभी चालू हैं । वहीं ग्राम बरतरी में 5 हैण्डपम्प है, जो सभी चालू हैं।

### कार्य की संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर अनुबंध विखंडित

# 287 करोड़ से बन रही सड़कों व पुलों से बदलेगी यातायात की सूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग जबलपुर और सड़क संभाग कटनी द्वारा 287.72 करोड़ रूपये की लागत से 4 पुलों और 25 सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से जिले में नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

### रेलवे क्रॉसिंग की झंझट से मिलेगी मुक्ति

लोकनिर्माण विभाग सेतु संभाग जबलपुर द्वारा कटनी में 139 करोड़ 77 लाख रूपये की लागत से कुल 4 महत्वपूर्ण पुलों की सौगात दी जा रही है। विभाग द्वारा आदर्श कॉलोनी से मुक्तिधाम मार्ग में कटनी नदी पर 8.52 करोड़ की लागत से 60 मीटर लंबे जलमग्नीय पुल का निर्माण किया जा रहा है।

इसी प्रकार 3 बड़े रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य भी प्रगतिरत है। इसमें जबलपुर-कटनी सेक्शन के रेल्वे कि.मी. 1078/5-6 में (LC-355A) पर 51 करोड़ 50 लाख की लागत से 650 मीटर लंबा आरओबी, बीना-कटनी सेक्शन के रेल्वे कि.मी. 1210/0-1 में (LC-102) पर 38.93 करोड़ की लागत से 687.54 मीटर लंबा आरओबी और इटारसी-मानिकपुर सेक्शन के रेल्वेर कि.मी. 1047/9-10 में (LC-342) पर 40.18 करोड़ रूपये की लागत से 692.78 मीटर लंबा आरओबी शामिल है।

### 134 किलोमीटर का बिछाया जा रहा जाल

लोक निर्माण विभाग सड़क संभाग कटनी के अंतर्गत 147 करोड़ 95 लाख रूपये की लागत से कुल 25 निर्माण कार्य संचालित हैं। जिसमें 11 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि शेष पर काम जारी है। इन सड़कों की कुल लंबाई 134.31 किलोमीटर है।

विभाग अब तक इन कार्यों पर 110.61 करोड़ रूपये व्यय कर चुका है। विशेष योजना के तहत 37.98 किमी लंबी सड़क के लिए 10 करोड़ 70 लाख रूपये का प्रस्ताव तैयार है, जिसकी निविदा वर्तमान में वरिष्ठ कार्यालय में विचाराधीन है।

विभाग ने काम की गुणवत्ता और समय-सीमा को लेकर सख्त रवैया अपनाया है। एक कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं होने के कारण उसका अनुबंध विखंडित कर दिया गया है। जबकि एक अन्य कार्य के लिए दूसरी बार निविदा आमंत्रित की गई है ताकि योग्य एजेंसी का चयन हो सके।

### कलेक्टर कर रहें कार्यों की सतत मॉनीटरिंग

कलेक्टर आशीष तिवारी सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर रहें है और अधिकारियों व ठेकेदारों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर काम पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि आम जनता को जल्द से जल्द बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## युवक एवं अधेड़ के साथ की गई मारपीट

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना के ग्राम पड़खुड़ी में एक युवक को दो व्यक्तियों ने मिलकर पीट दिया। जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय विजय साहू ने पुलिस को बताया कि गांव के अरुण पटेल और मोहित पटेल ने रास्ते में रोक लिया। दोनों आरोपियों ने एक राय होकर गालियां दीं और लात-घूंसों से पीटते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। इसी तरह स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम संसारपुर में एक अधेड़ पर गांव के ही युवक ने हमला कर दिया। पीड़ित अनंतराम उर्फ नंदू विश्वकर्मा 50 वर्ष ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि जब वह अपने घर के सामने थे, तभी गांव के आनंद कोल ने विवाद शुरू कर दिया और गालियां देते हुए मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया।

## शराब पीने पैसे नहीं देने पर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एनकेजे थाना क्षेत्र के शराब पीने के लिये पैसे नहीं देने पर एक युवक से मारपीट की गई। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर निवासी अजीत शर्मा पुलिस में दर्ज की गई शिकायत में बताया कि दोपहर करीब 1 बजे वह अपनी दुकान पर थे तभी क्षेत्र का बदमाश संदीप उर्फ छुट्टन कोल वहां पहुंचा। आरोपी संदीप ने अजीत शर्मा को रोककर शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। जब दुकानदार ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया तो आरोपित ने गाली-गलौज करते हुए जबरन दुकान के अंदर घुस गया और मारपीट शुरू कर दी। भागते समय आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। एनकेजे पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

इसी तरह रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत गड्ढा टोला में युवक से मारपीट की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मरघटाई गड्ढा टोला निवासी 19 वर्षीय राजीव वंशकार दोपहर करीब 1 बजे मोहल्ले के हैंडपम्प के पास खड़ा था। इसी दौरान इलाके अर्जुन वंशकार और कृष्णा वंशकार वहां पहुंचे और राजीव को घेर लिया। दोनों आरोपियों ने राजीव से शराब पीने के लिए पैसों की अड़ीबाजी की। राजीव द्वारा असमर्थता जताने पर दोनों आरोपियों ने एक राय होकर उसे गालियां देनी शुरू कर दीं और लात-घूंसों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। आरोपियों ने पीड़ित को दोबारा दिखने पर जान से मारने की धमकी दी। रंगनाथ नगर पुलिस ने राजीव की शिकायत पर दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## नियम उल्लंघन अथवा सुरक्षा मानकों की अनदेखी मिलने पर इकाइयों के विरुद्ध होगी कठोर कार्रवाई

# प्रशासन अलर्ट: पटाखा फैक्ट्रियों, विस्फोटक मैगजीन और अमोनियम नाइट्रेट स्टोर हाउसों में संयुक्त दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में नागरिक सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिलेभर में संचालित पटाखा फैक्ट्रियों, विस्फोटक भंडारण मैगजीनों एवं अमोनियम नाइट्रेट फैक्ट्रियों व स्टोर हाउसों की व्यापक जांच और भौतिक सत्यापन अभियान चलाया गया। अनुविभाग, तहसील एवं थाना स्तर पर गठित संयुक्त जांच दलों ने विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों, लाइसेंस शर्तों और विस्फोटक अधिनियमों के पालन की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया।

कलेक्टर श्री तिवारी ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि विस्फोटक पदार्थों के निर्माण, भंडारण एवं उपयोग में शासन द्वारा निर्धारित नियमों, सुरक्षा मानकों और विस्फोटक अधिनियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, नियम उल्लंघन अथवा सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाए जाने पर संबंधित इकाइयों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।





कलेक्टर श्री तिवारी ने बीते 7 अप्रैल ऐहतियातन एक आदेश जारी कर गठित जांच दलों को प्रत्येक लाइसेंसधारी इकाई का भौतिक सत्यापन और निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में जांच दलों ने लाइसेंसधारियों के नाम, लाइसेंस जारी करने वाली संस्था, लाइसेंस की वैधता अवधि एवं शर्तों के अनुपालन की गहन जांच की। इसके साथ ही विस्फोटक पदार्थों के निर्माण एवं भंडारण स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं और मानकों को भी देखा गया। अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा संधारित अभिलेखों के अनुसार विस्फोटक सामग्री के क्रय-विक्रय एवं भंडारण का भी सत्यापन किया गया।

कलेक्टर ने कहा कि नागरिक सुरक्षा सर्वोपरि और सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सुरक्षा मानकों और नियमों की अवहेलना और लापरवाही करने वालों के विरुद्ध जांच प्रतिवेदन के आधार पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।"

### व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण

संयुक्त जांच दलों ने लाइसेंसधारियों के नाम, लाइसेंस जारी करने वाली संस्था, लाइसेंस की वैधता, निर्धारित शर्तों के अनुपालन तथा उल्लंघन की स्थिति का विस्तृत परीक्षण किया। इसके साथ ही विस्फोटक पदार्थों के निर्माण और भंडारण के लिए चिन्हित परिसरों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी बारीकी से जांच की गई।

### रिकार्ड खंगाले, सुरक्षा का जायजा

निरीक्षण के दौरान अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा संधारित अभिलेखों के अनुसार विस्फोटक सामग्री के क्रय-विक्रय एवं भंडारण का भौतिक सत्यापन किया गया। अधिकारियों ने फैक्ट्रियों एवं स्टोर हाउसों में अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, फायर एक्सटिंग्विशर, सैंड बकेट, आपातकालीन निकास मार्ग, सुरक्षा संकेतक बोर्ड एवं कर्मचारियों को दिए जाने वाले सुरक्षा प्रशिक्षण की स्थिति का भी जायजा लिया।

### जांच अभियान में कई विभागों की संयुक्त टीम रही सक्रिय

इस व्यापक जांच अभियान में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, विस्फोटक विभाग, राजस्व विभाग, नगरीय निकाय एवं अग्निशमन विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से शामिल रहे। अधिकारियों ने संचालकों को सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने, अभिलेख अद्यतन रखने और सुरक्षा उपकरणों को हमेशा क्रियाशील स्थिति में बनाए रखने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन की इस सख्त, संवेदनशील और सक्रिय कार्रवाई से जिले में संचालित विस्फोटक इकाइयों के बीच जवाबदेही और सुरक्षा को लेकर गंभीरता का स्पष्ट संदेश गया है। प्रशासन की यह पहल नागरिक सुरक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता, सतर्कता और जवाबदेह कार्यशैली का द्योतक है।

## खबर संक्षेप

### युवक ने लगाई फांसी

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कोडिया में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने की घटना सामने आई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम नरेन्द्र कोल 25 वर्ष निवासी कोडिया ने 16 मई की दोपहर करीब 1:30 बजे अपने ही घर में फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मृतक के भाई ने थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की तलाश शुरू कर दी है।

### किशोरी की संदिग्ध मौत

**कटनी।** रीठी थाना के भरतपुर ग्राम की एक किशोरी की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नीलम चौधरी 16 वर्ष निवासी भरतपुर के पेट और गले में तेज दर्द की शिकायत के बाद शासकीय जिला अस्पताल कटनी में भर्ती कराया गया था, जहाँ 16 मई की सुबह 10:10 बजे उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल की वार्ड बॉय की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### अधेड़ का शव मिला

**कटनी।** कुठला थाना के ग्राम पूछी स्थित शारदा इंड्रस्ट्रीज चूना भट्टा में एक अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मुरारी उर्फ राम चरण बर्मन 50 वर्ष निवासी जोबी कला के रूप में हुई। बताया जाता है कि दोपहर करीब 2 बजे के बीच मुरारी की लाश संदिग्ध परिस्थितियों में मिली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर मर्ग कायम किया। बहरहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

### महिला से मारपीट

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गल बैलट घाट क्षेत्र में महिला से मारपीट की घटना सामने आई है। पुलिस के अनुसार गायत्री नगर की रहने वाली 28 वर्षीय अनीता खान के साथ वैलट घाट में सरेराह मारपीट की गई। अनीता ने पुलिस को बताया कि राजा निषाद ने उसके घर के सामने उन्हें रोक लिया और गालियां देते हुए हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296(बी), 115(2) और 351(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है।

### घरेलू विवाद पर पत्नी ने पति से की मारपीट

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र के बजरिया में घरेलू विवाद पर मारपीट की घटना हो गई। बजरिया में किराए से रहने वाले कैलाश सोनी 35 वर्ष, मूल निवासी स्लीमनाबाद और उनकी पत्नी नीतू सोनी के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस हो गई। गुस्से में आकर पत्नी नीतू सोनी ने कैलाश के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी, जिससे कैलाश को चोटें आई हैं। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इसी तरह माधवनगर थाना क्षेत्र के झिंझरी में भी मारपीट की घटना हुई। यहां रहने वाली 42 वर्षीय मिथलेश दाहिया के साथ राकेश दाहिया ने मामूली बात पर विवाद शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि राकेश ने आव देखा न ताव और की गालियां देते हुए मिथलेश की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़िता की शिकायत पर माधवनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्राम सभाओं को सौंपे जाएंगे वनों के संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकार

**कटनी।** जिले में वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत सामुदायिक वनों के संरक्षण और प्रबंधन के अधिकार सीधे ग्राम सभाओं को सौंपने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने वन संसाधनों पर स्थानीय समुदायों के पारंपरिक अधिकारों को मान्यता देने के लिए समस्त एसडीएम और जनपद पंचायतों के मुख्यर कार्यपालन अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कटनी जिले के विभिन्न विकासखंडों जैसे बडवारा, विजयराघवगढ़, बहोरीबंद, रीठी और ढीमरखेड़ा के अंतर्गत आने वाले संभावित 102 ग्रामों की प्रारंभिक सूची तैयार की गई है। इन ग्रामों में छोटे-बड़े झाड़ के जंगल मौजूद हैं या ये जंगल की सीमा से लगे हुए हैं, जहाँ सामुदायिक दावों की प्रबल संभावना है। अधिनियम की धारा के तहत ग्राम सभाओं को उन सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण और पुनर्जीवित करने का अधिकार दिया जाना है, जिनका वे पारंपरिक रूप से उपयोग और सुरक्षा करते आए हैं। दावों को तैयार करने में तकनीकी सहायता के लिए 'वसुंधरा' संस्था के विशेषज्ञों और विभाग के आईटी एक्सपर्ट्स के मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं, ताकि ग्राम स्तर पर कोई कठिनाई न हो।

**विधायक पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को किया रवाना**

## 15 वर्षो क़े बाद रीवा -इतवारी एक्सप्रेस का स्लीमनाबाद स्टेशन में शुरू हुआ ठहराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

लम्बे समय से चली आ रही क्षेत्रीय मांग ओर जनसंघर्ष क़े बाद आख़िरकार स्लीमनाबाद क्षेत्रवासियों को शनिवार को खुशियों से भरा दिन आ गया। लम्बे समय से चली आ रही रीवा -इतवारी एक्सप्रेस क़े स्लीमनाबाद स्टेशन मे स्टॉपेज की मांग साकार हुई। शनिवार को शाम 7:30बजे रीवा -इतवारी एक्सप्रेस जैसे ही स्लीमनाबाद स्टेशन पहुंची वैसे ही क्षेत्रवासियों में ख़ुशी की लहर दौड़ गईं। क्षेत्रवासियों ने विधायक प्रणय पांडेय व एक्सप्रेस ट्रेन क़े रेलवे अधिकारियो -कर्मचारी का फूल माला पहना व मुँह मीठा कर स्वागत किया। विधायक प्रणय पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर रीवा -इतवारी एक्सप्रेस को रवाना किया।



उक्त एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव स्लीमनाबाद मे सप्ताह में तीन दिन रहेगा। विधायक पांडेय ने कहा कि क्षेत्रवासियों क़े अथक प्रयास का ही यह फल जिस क्षण क़े साक्षी बनने का अवसर मिला। बड़े से बड़ा काम भी सभी क़े सहयोग से पूरा हो जाता हैं। रीवा -इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव उसी का प्रयास हैं!आगे भी विभिन्न ट्रेंनो क़े स्टॉपेज क़े लिए सभी क़े सहयोग से मेहनत कर उनका स्टॉपेज भी कराने क़े प्रयास किये जायेंगे।

ग्राम विकास संघर्ष समिति अध्यक्ष पंडित प्रदीप त्रिपाठी ने बताया कि स्लीमनाबाद स्टेशन मैं 15 वर्षो से लगातार विभिन्न ट्रेनों क़े स्टॉपेज की मांग उठाई जा रही थी जिसमें रीवा -इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन भी शामिल थी। कई बार जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों ओर स्थानीय नागरिकों द्वारा आंदोलन ओर ज्ञापन क़े माध्यम से रेलवे प्रशासन से ट्रेनों क़े स्टॉपेज को लेकर मांगे की गईं। लम्बे इंतजार के बाद रेलवे क़े द्वारा रीवा -इतवारी एक्सप्रेस क़े स्लीमनाबाद स्टेशन मैं ठहराव की सौगात दी गईं। रेलवे की इस सौगात से स्लीमनाबाद सहित आसपास क़े ग्रामीण क्षेत्रों क़े लोगों को रीवा, इटारसी, नागपुर जैसे प्रमुख शहरों की यात्रा की सुविधा मिलेगी। स्थानीय लोगों ने इसे जनसंघर्ष की जीत बताते हुए कहा कि यह निर्णय क्षेत्रीय विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला,चंद्रशेखर अग्रहरी, गणेश तिवारी, जगदेव पटेल, शिवशंकर दुबे,नवीन पांडेय, सुनील गुप्ता, राहुल सिंह ठाकुर, दीपक तिवारी,अमरदीप साहू सहित बड़ी संख्या मैं क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही।

### जलस्त्रोतों की साफ सफाई कर जल संरक्षण का दिया संदेश



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण में जिला समन्वयक डॉ तेजसिंह केसवाल के निर्देशानुसार एवं विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्रा के मार्गदर्शन में रविवार को सेक्टर क्रमांक 03 कन्हवारा के आदर्श ग्राम मड़ई के जुड़र नाला के समीप तालाब विस्तारीकरण के लिए नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी कटनी द्वारा श्रमदान किया गया। इस श्रमदान कार्य में सर्वप्रथम ग्राम की महिलाओं को संगोष्ठी के माध्यम से आगामी समय में अपने अपने घरों में सोखता गड्ढे बनवाकर वर्षा का जल जमीन के अंदर पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही प्राकृतिक स्त्रोतों कुआं, तालाब और नदियों को सुरक्षित करने और साफ सफाई करने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी,सचिव, माया गुप्ता, रीतू बर्मन , रिया गुप्ता कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी , सेक्टर क्रमांक 03 कन्हवारा के प्रभारी गनपत लाल कोल और ग्रामवासीयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया

## फरार चल रहे बदमाश को किया गिरफ्तार, चोरी के 9 सिलेण्डर भी किये गये बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

गैस गोदामों से सिलेंडर चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को बिलहरी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के कब्जे से 9 गैस सिलेंडर भी बरामद किए गए हैं। एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश, एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया, सीएसपी श्रीमती नेहा पच्चीसिया तथा थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस ने कार्यवाही की।

पुलिस के अनुसार 17 जनवरी 2026 की दरमियानी रात बिलहरी स्थित भारत गैस गोदाम से 44 गैस सिलेंडर चोरी होने पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कुठला में अपराध



पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई थी। विवेचना के दौरान चोरी गए सिलेंडरों एवं अज्ञात आरोपियों की लगातार तलाश की गई ।दिनांक 1 फरवरी 2026 को पुलिस द्वारा प्रकरण का खुलासा करते हुए आरोपी सन्नी दाहिया, मंजू पटेल निवासी जोबीकला, सलोक कुशवाहा, रोहित यादव निवासी ग्राम छैघरा तथा संदीप काछी को गिरफ्तार किया गया था तथा चोरी गए सिलेंडरों में से 24 सिलेंडर बरामद किए गए थे।प्रकरण में फरार आरोपी की तलाश जारी थी। इसी दौरान 16 मई 2026 को बिलहरी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सिलेंडर चोरी में संलिप्त फरार आरोपी करिया उर्फ रामकरण भूमिया पिता नरेश भूमिया, 21 वर्ष, निवासी ग्राम छैघरा थाना कुठला अपने गांव में मौजूद है। पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी के घर से 5 बड़े एवं 4 छोटे गैस सिलेंडर सहित कुल 9 सिलेंडर जप्त किए गए। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

**मुख्यालय में रहने से समस्याओं के निराकरण में आएगी तेजी**

## आवास आवंटित होने के बावजूद अप डाउन कर रहे सीईओ, कामकाज प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

देश में लगातार बढ़ती पेट्रोल - डीजल की खपत, ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को लेकर केंद्र सरकार द्वारा समय - समय पर जनजागरूकता अभियान चलाए जाते रहे हैं। प्रधानमंत्री स्वयं कई मंचों से सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील कर चुके हैं कि वे अपने मुख्यालय में निवास करें, अनावश्यक वाहन उपयोग कम करें तथा ईंधन बचत को प्राथमिकता दें। प्रधानमंत्री का स्पष्ट संदेश रहा है कि यदि अधिकारी अपने कार्यस्थल पर ही निवास करेंगे तो न केवल ईंधन की बचत होगी, बल्कि आम जनता को भी बेहतर और समय पर प्रशासनिक सेवाएं मिल सकेंगी ।

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) यजुवेंद्र कोरी को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि उन्हें ढीमरखेड़ा में शासकीय आवास आवंटित होने के बावजूद वे मुख्यालय में निवास नहीं कर रहे हैं और प्रतिदिन जबलपुर से ढीमरखेड़ा अपडाउन कर रहे हैं। इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

सूत्रों के अनुसार सीईओ यजुवेंद्र कोरी का प्रतिदिन जबलपुर से ढीमरखेड़ा आना-जाना बना रहता है। क्षेत्र के लोगों का दावा है कि उनके आवागमन की जानकारी सिहोरा टोल प्लाजा से भी प्राप्त की जा सकती है। लोगों का कहना है कि यदि प्रतिदिन इतनी लंबी दूरी तय की जा रही है तो इससे शासन के ईंधन बचत अभियान की भावना पर भी असर पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारी मुख्यालय में उपलब्ध शासकीय आवास में रुकने के बजाय निजी सुविधा को प्राथमिकता दे रहे हैं। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि अधिकारी यदि मुख्यालय में निवास करें तो क्षेत्रीय समस्याओं का निराकरण अधिक तेजी से हो सकता है।

ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले कई ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन सड़क, पेयजल, निर्माण कार्य, पंचायत योजनाओं और जनसुनवाई से जुड़े मामले सामने आते रहते हैं।ऐसे में यदि संबंधित अधिकारी मुख्यालय में उपलब्ध रहें तो आम लोगों को राहत मिल सकती है। लेकिन प्रतिदिन अपडाउन की स्थिति में कई बार अधिकारी समय पर उपलब्ध नहीं हो पाते, जिससे आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र में यह चर्चा भी जोरों पर है कि शासन द्वारा शासकीय अधिकारियों को इसलिए आवास उपलब्ध कराया जाता है ताकि वे आपात स्थिति में भी तत्काल उपस्थित रह सकें।पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभागों में तो मुख्यालय पर अधिकारियों की मौजूदगी और भी अधिक आवश्यक मानी जाती है, क्योंकि गांवों से जुड़े कार्यों में अचानक निरीक्षण, शिकायतों की जांच, विकास कार्यों की निगरानी तथा जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय जैसी जिम्मेदारियां लगातार बनी रहती हैं।

### नेहरू वार्ड से हाउसिंग बोर्ड मैदान तक बिखरे जन-जागरूकता के रंग

## पारंपरिक खेलों एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में झलकी बचपन की यादें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर पालिक निगम कटनी के तत्वावधान में आयोजित 'राहगीरी डे' ने रविवार की भोर को न केवल उत्साह और ऊर्जा से भर दिया, बल्कि ₹मेरा शहर-मेरी जिम्मेदारी₹ के संदेश के साथ स्वच्छ कटनी के संकल्प को एक नई शक्ति प्रदान की। नेहरू वार्ड स्थित हाउसिंग बोर्ड प्रवेश द्वार से लेकर हाउसिंग बोर्ड मैदान तक आयोजित इस अभिनव कार्यक्रम में जनसहभागिता का एक विहंगम दृश्य देखने को मिला, जहां शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, युवाओं और बच्चों ने स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का आगाज़ सामूहिक योग एवं प्राणायाम से हुआ, जिसने



नागरिकों को निरोगी काया का संदेश दिया। इसके पश्चात संपूर्ण परिसर खेल और संस्कृति के अनूठे रंग में रंग गया। तीव्र संगीत की धुन पर आयोजित जुंबा सत्र में क्या युवा, क्या बुजुर्ग, सभी पूरे उत्साह के साथ थिरकते नजर आए। आयोजन में जहां एक ओर साइकिलिंग, स्केटिंग और शतरंज जैसे आधुनिक खेलों के प्रति दीवानगी दिखी, वहीं दूसरी ओर रस्साकशी, पिट्टू, बोरा दौड़, रस्सीकूद और चम्मच-नींबू दौड़ जैसे पारंपरिक खेलों ने बड़ों को उनके बचपन की याद दिला दी।

इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें मनोरंजन के साथ-साथ अत्यंत गंभीर सामाजिक विषयों को बेहद सरलता से रेखांकित किया गया। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से कलाकारों ने 'स्त्रोत पर कचरा पृथक्करण' (गीला-सूखा कचरा अलग करना), 'सिंगल यूज़ प्लास्टिक' पर पूर्ण प्रतिबंध तथा 'वाटर हार्वेस्टिंग' द्वारा भूजल संवर्धन जैसे विषयों पर जनमानस को जागरूक किया। 'रीसायकल से सृजन' की अवधारणा को प्रदर्शित करते हुए कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए 'इको ब्रिक्स' और अनुपयोगी कपड़ों से बने थैलों के स्टॉल नागरिकों के आकर्षण का केंद्र रहे।

सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत गीतांजलि रस कला केंद्र के कलाकारों ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों के मनोरंजन के लिए मैजिक शो और कार्टून कैरेक्टर 'गोरिल्ला' विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन बेला में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने उपस्थित विशाल जनसमूह को नगर को स्वच्छ रखने की सामूहिक शपथ दिलाई। इसके उपरांत, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं और स्वच्छता के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वाले नागरिकों को *तुलसी का पौधा* भेंट कर सम्मानित किया गया, जो हरित जीवनशैली का एक सशक्त प्रतीक बनकर उभरा

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन, नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार, उपायुक्त शैलेश गुप्ता, नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर सहित मेयर इन काउंसिल के सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू, उमेंद्र अहिरवार, सुरेंद्र गुप्ता, एवं पार्षदगण शशिकांत तिवारी आदि मौजूद रहे।

## चाकूबाजी मामले में दो आरोपितों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कुठला थाना अंतर्गत इन्द्रानगर क्षेत्र में हुई चाकूबाजी की घटना में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपियों ने युवक पर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किया था। पुलिस के अनुसार सरला नगर निवासी उत्तम लौहार 29 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 मई की रात करीब 12:20 बजे वह अपने साथियों विपिन पाण्डेय एवं सन्नी लोहार के साथ मोटरसाइकिल से जा रहा था। इन्द्रानगर गली नंबर-3 के पास विवाद हुआ जिसके बाद आरोपियों



ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान एक आरोपी ने पेट में चाकू मारने का प्रयास किया जिससे बचने के दौरान चाकू फरियादी के पीछे हिस्से में लगा। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की।

पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र उर्फ जित्तू ठाकुर (28) निवासी इन्द्रानगर तथा रवि सिंह ठाकुर (32) निवासी शंकर टाकीज क्षेत्र को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त चाकू जब्त किया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी जितेन्द्र ठाकुर के विरुद्ध पूर्व में मारपीट का मामला दर्ज है, जबकि रवि सिंह ठाकुर पर अवैध शराब बिक्री के दो प्रकरण दर्ज हैं।

### खेत के पास महिला की लाश मिलने से सनसनी

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम परसवारा में एक खेत के पास महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं जांच पड़ताल की। पुलिस के अनुसार मृतिका की पहचान दुर्गा बर्मन 30 वर्ष निवासी परसवारा के रूप में हुई। दुर्गा का शव खेत में बोर पंप के पास संदिग्ध अवस्था में पाया गया। मृतिका के पिता मुन्नालाल बर्मन की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। महिला की मौत की असली वजह क्या है यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगी। बहरहाल पुलिस जांच में जुटी है।

**खबर संक्षेप**

## तेज रफ्तार मोटर बाइक चालक पुलिया से टकराया, युवक गंभीर रूप से घायल पन्ना रेफर

**अमानगंज।** पन्ना जिले की अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र मुख्यालय अमानगंज की मुख्य सड़क मार्ग पर बीती रात लगभग 11:00 एक तेज रफ्तार बाइक चालक असंतुलित होकर पुलिया की जलियां से टकराकर घायल हो गया उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज दाखिल कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय पटना रेफर कर दिया गया घटना में घायल हुए युवक का नाम अजय पिता राजू चौधरी बताया जा रहा है जो किसी आयोजन से वापस घर की ओर आ रहा था और अचानक यह घटना घट गई जिससे पूरा परिवार भारी दुखित एवं परेशान हो गया।

## देश हित में अनूठी पहल साइकिल से जनगणना

**देश हित में अनूठी पहल, पवई में शिक्षक सतानंद पाठक साइकिल से कर रहे मकान जनगणना**

**पवई।** जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण में पवई तहसील के पर्यवेक्षक शिक्षक सतानंद ने देश हित में अनूठी पहल की है। ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सर्किल नंबर 9 के प्रगणक अब साइकिल से घर-घर पहुंचकर मकान जनगणना का कार्य कर रहे हैं। 16 मई 2026 को ग्राम नारायणपुरा में पर्यवेक्षक शिक्षक सतानंद पाठक साइकिल पर जनगणना किट और प्रपत्र रखकर नारायणपुरा में सर्वे करते नजर आए। उन्होंने बताया कि साइकिल से ली-मोहल्लों में आसानी से पहुंचा जा सकता है। इससे समय भी बचता है और शासन का ईंधन खर्च भी कम होता है। प्रगणकों का कहना है कि साइकिल से काम करने पर ग्रामीण भी सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं। कई बुजुर्गों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा।

### लकड़ी के सहारे टिकी बिजली व्यवस्था से बड़ा खतरा

# खेतों में झूल रही 11 केवी लाइन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जिले के विद्युत वितरण केंद्र हर्रई, तेजगढ़ और नोहटा क्षेत्र अंतर्गत खमरिया के पास से गुजर रही 11 केवी हाईटेंशन लाइन इन दिनों गंभीर खतरे का कारण बनी हुई है। खेतों के बेहद करीब झूल रहे तारों ने ग्रामीणों और राहगीरों की चिंता बढ़ा दी है।

### जर्जर पोल, लकड़ी के सहारे टिकी लाइन

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार कई स्थानों पर बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। हालत यह है कि लाइन को अस्थायी रूप से लकड़ी के डंडों के सहारे संभाला जा रहा है। भारी-भरकम तार नीचे लटक रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### बारिश और हवा में बढ़ जाता है खतरा

मौसम खराब होने पर स्थिति और भयावह हो जाती है। तेज हवा और बारिश में तार और नीचे झूलने लगते हैं, जिससे खेतों में काम कर रहे किसानों और रास्ते से गुजरने वालों की जान जोखिम में रहती है।

### शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं

ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार बिजली विभाग को लिखित और मौखिक शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। विभाग की लापरवाही से लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है।

### जल्द सुधार नहीं हुआ तो हो सकता है हादसा

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही लाइन की मरम्मत और नए पोल नहीं लगाए गए, तो किसी भी दिन बड़ा विद्युत हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और बिजली कंपनी के अधिकारियों से मांग की है कि मौके का तत्काल निरीक्षण कर जर्जर लाइन को दुरुस्त कराया जाए, ताकि संभावित हादसे को टाला जा सके।

# श्रीमद्भागवत कथा में गूंजा भक्ति का रस

**श्रीकृष्ण चरित्र सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

ग्राम बम्होरी मानगढ़ में चल रहे श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पावन अवसर पर भक्ति और आध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। कथा व्यास श्री कृष्ण चरणानुरागी आशीष गुरु जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्रों का मनमोहक वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति मार्ग का महत्व बताया।

### भागवत है पंचम वेद

महाराज श्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण पंचम वेद के समान है और यह भगवान श्रीकृष्ण का साक्षात वांग्मय स्वरूप है। जहां-जहां भागवत कथा का वाचन होता है, वह स्थान स्वयं श्रीधाम वृंदावन के समान पवित्र हो जाता है। कथा श्रवण मात्र से ही मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आने लगते हैं।



### संसार की असारता का कराया बोध

कथा के दौरान उन्होंने संसार की नश्वरता और मोह-माया के बंधनों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य की कामनाओं का कभी अंत नहीं होता। एक इच्छा पूरी होते ही दूसरी जन्म ले लेती है, जिससे व्यक्ति जीवनभर भटकता रहता है और भगवान का स्मरण करना भूल जाता है।

### आत्मदेव और धुंधकारी का उदाहरण

महाराज श्री ने भागवत प्रसंग सुनाते हुए आत्मदेव और धुंधकारी की कथा के माध्यम से समझाया कि पुत्र मोह में पड़कर ज्ञानी व्यक्ति भी दुःख पाता है। इसलिए मनुष्य को मोह-माया से ऊपर उठकर केवल परमात्मा के भजन और नाम जप में ही अपना जीवन सार्थक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सच्चा सुख और शांति केवल भगवान के नाम स्मरण में ही है। जो व्यक्ति निरंतर प्रभु का भजन करता है, वही जीवन के वास्तविक आनंद को प्राप्त करता है।

### श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति रस में डूबकर कथा का रसपान किया। पूरे वातावरण में भजन-कीर्तन और जयघोष से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है। श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से लोगों को धर्म, भक्ति और जीवन के मूल्यों की सीख मिल रही है, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक और आध्यात्मिक माहौल बना हुआ है।

# बिना एक्सपायरी डेट वाला बोतलबंद पानी बन रहा खतरा

**जांच व्यवस्था पर उठे सवाल, गर्मी में बढा पानी पाऊच का कारोबार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

भीषण गर्मी के बीच हटा नगर में बोतल बंद पानी और पानी पाऊच की मांग कई गुना बढ़ गई है। लोगों की प्यास बुझाने के नाम पर बाजार में बड़ी मात्रा में ऐसे पानी पाऊच बेचे जा रहे हैं, जिन पर न तो निर्माण तिथि अंकित है और न ही एक्सपायरी डेट।

विशेषज्ञों के अनुसार बिना तारीख वाले पैकेज्ड पानी का सेवन स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग की कार्यवाही बेहद नजर नहीं आ रही है। शहर सहित क्षेत्र भर में एक दर्जन से अधिक वाटर प्लांट संचालित हो रहे हैं, जहां से प्रतिदिन हजारों पाउच बाजार में पहुंच रहे हैं। बिना एक्सपायरी डेट वाले पानी पाऊच खुलेआम बिकने के बावजूद खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की सक्रियता पर सवाल उठने लगे हैं। व्यापारियों और उपभोक्ताओं का आरोप है कि विभाग केवल औपचारिक जांच तक सीमित है।



अब तक कितने वाटर प्लांट से पानी के सैंपल लिए गए और उनकी रिपोर्ट क्या रही, इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। यही वजह है कि विभाग की जांच प्रक्रिया खुद जांच के घेरे में आ गई है। लोगों का कहना है कि यदि नियमित जांच और सख्त कार्रवाई हो, तो बाजार में इस तरह के उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाई जा सकती है।

### सेहत के साथ हो रही खिलवाड़

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि बिना मानक और बिना एक्सपायरी तारीख वाले पानी का सेवन कई बीमारियों को जन्म दे सकता है। दूषित पानी से पेट संक्रमण उल्टी-दस्त, टायफाइड और अन्य जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। गर्मी के मौसम में लोग तेजी से पानी पाऊच खरीदते हैं, लेकिन अधिकांश उपभोक्ता पैकेजिंग की जानकारी देखे बिना ही उपयोग कर लेते हैं। ऐसे में असुरक्षित और अमानक पानी लोगों की सेहत के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है। आम नागरिकों ने प्रशासन से नियमित जांच अभियान चलाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष विभाग ने बिना एक्सपायरी डेट वाले कुछ पानी पाऊच जब्त कर उनके सैंपल जांच के लिए लैब भेजे थे। जिसकी जांच रिपोर्ट में पानी अमानक स्तर का पाए जाने पर एक पानी पाऊच कंपनी के खिलाफ विभाग ने हालही में जुर्माना कार्रवाई करते हुए उत्पाद के विक्रय पर रोक लगा दी थी। लेकिन इसी तरह नगर व क्षेत्र में वाटर प्लांट संचालित किए जा रहे जिसकी जानकारी जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों को है लेकिन लगातार शिकायतों के बावजूद ठोस कार्यवाही नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन जनस्वास्थ्य से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर सख्त कदम उठाता है या फिर कार्यवाही केवल कागजी खानापूर्ति तक सीमित रह जाती है।

# 17 मई से 15 जून तक होगा शिवलिंग निर्माण



**श्री जटाशंकर धाम में पुरुषोत्तम मास में सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण' आयोजन का भव्य शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

आस्था, श्रद्धा और भक्ति के पावन माह पुरुषोत्तम मास के अवसर पर श्री जटाशंकर धाम में रविवार से 'सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण' महाअभियान का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर इस पुण्य आयोजन के साक्षी बने। आयोजन की शुरुआत महिलाओं द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा से हुई। पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों के साथ परिसर के विभिन्न मंदिरों में पहुंचीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर पंडित राजन सिंह पाठक द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ देव आवाहन किया गया। इसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं ने मिलकर पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया। श्रद्धा और आस्था के साथ बनाए गए इन शिवलिंगों का ब्राह्मणों द्वारा वैदिक विधि-विधान से अभिषेक कराया गया। अभिषेक के उपरांत सभी पार्थिव शिवलिंगों को मंदिर परिसर में निर्मित विसर्जन कुंड में विधिपूर्वक विसर्जित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मौजूद रही और सभी ने धर्मलाभ प्राप्त किया। पंडित राजर्षि पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरुषोत्तम मास 17 मई से 15 जून तक के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल से ही पार्थिव शिवलिंग निर्माण का कार्य प्रारंभ होगा। इसके बाद प्रातः 11:00 बजे अभिषेक किया जाएगा तथा विसर्जन के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस महाअभियान में सहभागी बनने की अपील की है। यह आयोजन पूरे पुरुषोत्तम मास तक निरंतर जारी रहेगा, जिससे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण और भी अधिक सशक्त होगा।

# मुक्तिधाम में सौंदर्यीकरण की मुहिम

## समाजसेवियों ने भीषण गर्मी में बहाया पसीना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के गौरीशंकर मुक्तिधाम में समाजसेवियों द्वारा सौन्दर्यकरण और स्वच्छता की मुहिम विगत कई वर्षों से रविवार को लगातार चलाई जा रही है जिससे कायाकल्प की मुहिम अब रंग लाने लगी है। मुक्तिधाम में साफ सफाई, वृक्षारोपण सहित सौन्दर्यकरण प्रयासों से अब मुक्तिधाम एक सुन्दर पार्क में बदल रहा है। रविवार को आयोजित श्रमदान अभियान में नगर के बुद्धिजीवी नागरिकों, युवाओं ने भीषण गर्मी में कई घंटो तक साफ सफाई कर पसीना बहाकर स्वच्छता और सौन्दर्याकरण के संकल्प को दोहराया। रविवार सुबह से ही मुक्तिधाम में आयोजित महा श्रमदान में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और उन्होने मुक्तिधाम में साफ-सफाई, रोपित वृक्षों की गुढ़ाई सहित शमशान शेड के आसपास जमा कचरे का निष्पादन किया। इस संबंध में समाजसेवी कामता तंतुवाय ने बताया कि मुक्तिधाम एक ऐसी जगह है जहां व्यक्ति सब कुछ भूलकर जन कल्याण एवं सर्व कल्याण की भावना और संसार की वास्तविक सच्चाई के करीब होता है। नागरिकों द्वारा इस कार्य में बढ़ चढ़कर सहयोग किया जा रहा है। श्रमदान अभियान में समाजसेवी अशोक चंपी चौरसिया, डॉ. वीरेंद्र मोदी, कामता तंतुवाय, नारायण तंतुवाय, देवांश तंतुवाय, मनोहर राय, चतुर सेन, धर्मेंद्र सेन, केशव प्रजापति सहित अन्य समाजसेवी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने गेहूं खरीदी व्यवस्था का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव अपने आकस्मिक भ्रमण के दौरान आज समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे गेहूं खरीदी केंद्र पहुंचे। सर्वप्रथम कलेक्टर श्री यादव जोरतला खुर्द खरीदी केंद्र पहुंचे। यहां पर मौजूद किसानों से चर्चा की, किसानों ने बताया कि उनका अनाज खरीद जा रहा है, यहां पर किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं है, सामने से एक बोरी गेहूं तोल कराया गया जो कि निर्धारित मापदंड के तहत पाया। यहां पर अभाना के कुछ किसान मौजूद थे जिन्होंने बताया कि उनका अनाज यहां पर खरीद जाना हैं किंतु अभी प्रारंभ नहीं हुआ है। साथ में मौजूद सहायक पंजीयक सहकारी समितियां और खाद्य अधिकारी रचना प्रजापति को आज से ही खरीदी करने समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी दौरान कलेक्टर श्री यादव बजरंगगढ़ गेहूं खरीदी केंद्र पहुंचे। किसानों से चर्चा की, किसानों ने खरीदी में संतोष जताया किसी तरह की कोई समस्या नहीं बताई गई। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने बताया आज उनके द्वारा गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया गया। बांदकपुर खरीदी केन्द्र में बोरी तुलाई हुई थी, उसको पुनः तुलवाकर देखा गया, सही मात्रा पाई गई। उन्होंने किसानों से भी चर्चा की, किसानों द्वारा बताया गया कि उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है। बारदाना भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसान महेश तिवारी ने बताया कि ओटीपी नहीं आने के कारण पर्ची विलंब से मिल पा रही है, उसके संबंध में भी सबंधित अधिकारियों से चर्चा कर इसका निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही कलेक्टर ने किसान भाइयों से अनुरोध किया किसी तरह की कोई भी समस्या हो, तो वे कंट्रोल रूम का नंबर दिया गया है उस पर बताएं। जिला प्रशासन समस्या द्वारा त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराया जायेगा।

# दक्षिण पन्ना वन विभाग द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को कराया गया मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी का एक्सपोज़र विजिट

**आजीविका प्रशिक्षण के साथ वन्यजीव संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास**

**पन्ना।** दिनांक 16 मई को वनमण्डल दक्षिण पन्ना के शाहनगर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्रीन इंडिया मिशन के तहत संचालित आजीविका प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था कैरियर प्वाइंट से सेल्फ एम्प्लॉयड टेलर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों के लिए मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी एवं जू का विशेष शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत हुए विभिन्न कार्य

**दमोह।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के जबेरा विकासखंड के बहुत से ग्रामो में जल संरक्षण को लेकर मानव जीवन विकास समिति ने सराहनीय कदम उठाया है। मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में भिनेनि, हरदुआ कलुमर, चौरई, कांटी, पटी सिंगोरगढ में ग्रामीणजनों के सहयोग और श्रमदान आधारित खेत तालाब निर्माण कुआ गहरीकरण मुडेर निर्माण कार्य किया गया। ग्रामीणों का मानना है इन संरचनाओं के निर्माण से पानी की कमी को पूरा किया जा सकता वाटर रिचार्ज का कार्य होगा, पशुओं को पीने के पानी के साथ-साथ कृषि कार्य में जल की महत्पूर्ण भूमिका होगी। शासन की मंशा को पूर्ण करने और जनहित में जारी योजनाओं को ग्राम के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य मानव जीवन विकास समिति द्वारा किया जा रहा है। ब्लॉक समन्वयक राकेश कुमार विश्वकर्मा हरिबाई, अर्चना, अनिल कुमार, चरन सिंह के साथ कार्यकर्ताओं की महत्पूर्ण भूमिका रही।

# संवैधानिक हक अधिकारों को लेकर गांव-गांव जन चौपाल होंगी आयोजित

**तेंदूखेडा।**, जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह मंगल भवन तेंदूखेड़ा में आयोजित किया गया जिसमें जयस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के वरिष्ठ बुद्धिजीवियों ने भाग लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की सर्वप्रथम जयस के स्थापना दिवस के अवसर पर महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात उपस्थित बुद्धिजीवियों द्वारा समाज के उन्नति एवं विकास हेतु अपने-अपने विचार व्यक्त किया जय आदिवासी युवा शक्ति जयस प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासियों के उन्नति एवं विकास हेतु जयस निरंतर कार्य कर रहा है नौजवान युवाओं की पहली पसंद जयस है, जयस ने कम समय में आदिवासी समाज के लोगों के बीच संवैधानिक हक अधिकारों के प्रति जन जागरूकता लाकर उनके हक अधिकार दिलाने हेतु हमेशा काम किया है उन्होंने बताया कि आदिवासियों के संवैधानिक हक अधिकारों को लेकर क्षेत्र के हर गांव-गांव मैं जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा ताकि लोगों को अपनी हक अधिकारों की जानकारी प्राप्त हो सके क्योंकि आदिवासी समाज के लोगों को अपने हक अधिकारों की जानकारी न होने के कारण चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है इस अवसर पर गिरधारी परस्ते, नोनेलाल, गोकल मरावी, राजकुमार, रविन्द्र सिंह, राहुल सिंह वसंत सैयाम, गोपाल सिंह,शुभम धुर्वे,मोनेश सिंह, सचिन दीवार,मर्दन धुर्वे, सुनील पंडा, जशवंत सिंह, शैलेन्द्र, दशरथ करपेती, रमेश परस्ते, रामनरेश पोर्ते,शुभम ताराम,शनि, पुष्पेंद्र, खुमान सिंह, राकेश सोयाम सहित भारी संख्या में जयस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए गौशाला समिति ने शुरू की निशुल्क लाईब्रेरी

**तेंदूखेड़ा**-नगर मै स्थित आचार्य श्री विद्यासागर गौ सेवा केंद्र गौशाला समिति द्वारा सामाजिक सरोकारों की दिशा में लगातार सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में समिति ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई और प्रेरणादायक पहल करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए निशुल्क लाइब्रेरी की शुरुआत की है। करीब छह माह पूर्व प्रारंभ की गई इस लाइब्रेरी का उद्देश्य ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु बेहतर वातावरण एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। समिति द्वारा केवल पुस्तकालय संचालन ही नहीं किया जा रहा, बल्कि समय-समय पर वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों को आमंत्रित कर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन भी दिलाया जा रहा है। इसी कड़ी में दमोह के युवा दिनेश प्यासी को गौशाला समिति द्वारा आमंत्रित किया गया। उन्होंने लाइब्रेरी का अवलोकन किया तथा वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों से संवाद कर अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण एवं सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रेरणादायक मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अध्ययनरत विद्यार्थी एवं गौशाला समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने भी अपने प्रश्न पूछकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की।



कार्यक्रम के अंत में समिति के अध्यक्ष संजय जैन एवं उपाध्यक्ष संदीप मोदी ने अतिथि दिनेश प्यासी का आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि इससे पूर्व भी यहां तत्कालीन कलेक्टर, तेंदूखेड़ा एसडीएम सौरभ गंधर्व, टीआई निलेश जैन एवं पुलिस विभाग के सीएसपी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी विद्यार्थियों को अपने अनुभवों एवं विचारों के माध्यम से मार्गदर्शन दे चुके हैं। समिति का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रेरित कर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाना एवं उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना है। गौशाला समिति की यह पहल क्षेत्र में शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम मानी जा रही है, जिसकी नगरवासियों द्वारा सराहना की जा रही है।

खबर संक्षेप

## नगर परिषद सीएमओं छुट्टी पर प्रभारी को वित्तीय आहरण नहीं

**पथरिया।** नगर परिषद में विगत करीब एक माह से प्रभारी सीएमओं रितु पुरोहित छुट्टी पर होने के कारण नगर परिषद का प्रभार पीयूष अग्रवाल को तो सौंप दिया गया लेकिन बिलों संबंधित जानकारी चाही गई तो जानकारी लगी कि वित्तीय कार्य मेडम के आने के बाद होंगे पिछले महीने का वेतन भी नही हुआ हालांकि ऐसा पहली बार सुनने में आया कि महीने भर के लिए अधिकारी छुट्टी पर होने के बाद भी वित्तीय आहरण प्रभारी अधिकारी को नही या फिर झूठ बोला जा रहा या जानबूझकर गोलमाल जबाब दिया जा रहा है यह जांच का विषय है लेकिन एक बात तो निश्चित है कि भले प्रदेश के पशुपालन मंत्री का क्षेत्र हो लेकिन अधिकारी किस तरह से अपनी मनमर्जी चला रहें हैं यह पता चल रहा है। जिला कलेक्टर से मांग है कि नगर परिषद में जिम्मेदार अधिकारी की पदस्थापना कराई जाए जो मुख्यालय पर निवास कर नगर की व्यवस्था को सुचारू रूप से चला सकें।

## पवित्र पुरुषोत्तम माह में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा आज से

**दमोह।** आयोजन श्री देव श्यामलाधीश प्यासी मंदिर परिसर में होगा। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारविंद से कथा श्रोता डाक्टर केदारनाथ शर्मा सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 18 मई से 25 मई तक किया जाएगा। कलश यात्रा 18 मई सोमबार को श्री जगदीश मंदिर पुराना थाना शाम 4 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ आयोजन की शुरुआत होगी जो कथा स्थल श्री देव श्यामलाधीश प्यासी मंदिर पहुंचेगी आप सादर आमंत्रित हैं। प्रतिदिन सुबह 7 से 11 बजे तक संस्कृत मूल पाठ एवं दोपहर 4 से हरि इच्छा तक संगीतमय कथा और प्रवचन होंगे। 25 मई को हवन-पूजन, विशेष आरती और महाप्रसादी के साथ आयोजन का समापन किया जाएगा। आप सभी धर्म प्रेमी जन इस पुण्यमई परसोत्तम माह में कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त करें निवेदक कथा श्रोता डाक्टर केदारनाथ शर्मा ने सभी से कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करें की अपील की है।

## सिंग्रामपुर क्षेत्र को वोल्टेज समस्या से मिलेगी राहत

**सिंग्रामपुर।** जबेरा विद्युत मंडल केंद्र के अंतर्गत आने वाले सिंग्रामपुर पावर हाउस में लंबे समय से बनी कम वोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। यहां 3.15 एमवीए क्षमता वाले ट्रांसफार्मर को बदलकर 5 एमवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कम वोल्टेज के कारण पंखे धीमे चलते थे और पानी सहित घरेलू कार्यों में काफी परेशानी हो रही थी। ग्रामीणों चक्रेश जैन, सुनील शुक्ला और मोंटू सेन सहित अन्य लोगों ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र में बिजली वोल्टेज की समस्या बनी हुई थी, जिससे आमजन परेशान थे। जबेरा विद्युत मंडल के कनिष्ठ अभियंता एस.के. महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को सिंग्रामपुर पावर हाउस के 33/11 केवी केंद्र में 3.15 एमवीए ट्रांसफार्मर की जगह 5 एमवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इससे क्षेत्र में कम वोल्टेज की समस्या में काफी हद तक सुधार होगा। उन्होंने कहा कि विभाग का लक्ष्य क्षेत्र की बिजली संबंधी समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है, ताकि लोगों को बेहतर विद्युत सुविधा मिल सके।

# संजीवनी क्लीनिक में कार्यरत दो फर्जी डॉक्टरों का पर्दाफाश

**पुलिस ने किया मामला दर्ज, पैसा लेकर फर्जी डिग्री बनाकर नियुक्ति कराने वालों की तलाश जारी, सहयोग करने वाला जबलपुर का एक डॉ. हिरासत में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

एक तरफ नीट परीक्षा के पेपर लीक होने से देश भर में नीट के परीक्षार्थियों के बीच आक्रोष का महौल है वही दूसरी ओर फर्जी एमबीबीएस डिग्री की दम पर संजीवनी क्लीनिक में नियुक्त पाने वाल दो मुन्ना भाई आराम से नौकरी कर रहे थे। दस्तावेजी जांच में इसकी पुष्टि होने पर एसपी ने इसका खुलासा किया है। पूछताछ के साथ दोनों की फर्जी डिग्री का पदा्रफाश हो जाने पर दोनों मुन्ना भाई एमबीबीएस के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है। दोनो आरोपियो से पूछताछ पर से फर्जी डॉक्टर अजय मौर्य की भूमिका ज्ञात होने व जबलपुर संजीवनी अस्पताल मे कार्यरत होने की जानकारी मिलने पर तत्काल टीम गठित कर अभिरक्षा मे लिया गया है। दमोह पुलिस को 16 मई 2026 को सीएमएचओ कार्यालय से जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था कि डा. कुमार सचिन यादव पिता छत्रपाल सिह यादव निवासी मेहरा मंदिर शंकुतलापुरी के पीछे ग्वालियर एवं डा. राजपाल गौर पिता रमेश गौर निवासी काकूखेडा पोस्ट मगरधा सीहोर के द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित संजीवनी क्लीनिक सुभाष कालोनी दमोह हेतु चयन प्रक्रिया में स्वयं को योग्य चिकित्सक प्रदर्शित करने के उद्देश्य से फर्जी एवं कूटरचित एमबीबीएस डिग्री, मेडिकल काउंसिल रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र तथा अन्य शैक्षणिक एवं पंजीयन दस्तावेज प्रस्तुत किए गए थे जो उक्त फर्जी दस्तावेजो के आधार पर उक्त दोनो सचिन यादव एवं राजपाल गौर करीब 01 वर्ष से नियुक्त थे संबंधित द्वारा शासकीय संस्था को धोखा देकर न केवल अवैध लाभप्राप्त किया गया है, बल्कि आम जनता के स्वास्थ्य एवं जीवन के साथ गंभीर खिलवाड किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक सुजीत सिह भदौरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री एचआर पाण्डेय के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त दोनो आरोपियो के विरूद्ध थाना कोतवाली मे प्रथक -प्रथक अपराध क्रमांक 479/26 एवं 480/26 धारा 318(3), 338,336(3),340(2) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया।



उक्त दोनो आरोपियो को कोतवाली पुलिस द्वारा विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। दोनो आरोपियो से पूछताछ पर से फर्जी डॉक्टर अजय मौर्य की भूमिका ज्ञात होने व जबलपुर संजीवनी अस्पताल मे कार्यरत होने की जानकारी मिलने पर तत्काल टीम गठित कर अभिरक्षा मे लिया गया है। फर्जी एमबीबीएस डिग्री के आधार पर फर्जी डॉक्टर बनाकर राज्य स्तर की संस्था के माध्यम से नियुक्तिया कराना बहुत ही गंभीर एवं संवेदनशील बिषय है सभी संजीवनी अस्पताल आम जन के बीच मे संचालित है जिससे जनमानस का स्वास्थ्य व इलाज सीधा जुडा है इसमे भोपाल स्तर की संस्थाओ की भूमिका भी संदिग्ध है। आरोपियो से पंछताछ पर पैसा देकर बने कई फर्जी डॉक्टर के नाम एवं पैसा लेकर संजीवनी अस्पताल मे डॉक्टरो को नियुक्त कराने के लिए फर्जी एमबीबीएस डिग्री, डॉक्टर रजिस्ट्रेशन और दस्तावेज उपलब्ध कराने वालों एवं सहयोग करने वाले महत्वपूर्ण व्यक्तियों के नाम सामने आएं है जिनके लिए टीमें तलाश में लगी हुई है। इस प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, उनि. नीतेश जैन, सउनि. रमाशंकर मिश्रा, प्र.आर. सौरभ टंडन सायबर सेल, प्र.आर. राकेश अठ्या सायबर सेल, प्र.आर. हेमंत अवस्थी, प्र.आर. अभिषेक चौबे, प्र.आर. महेश यादव, प्र.आर. अजीत दुबे, आरक्षक ओमप्रकाश रैकवार, आरक्षक ब्रजेन्द्र मिश्रा आदि शामिल रहे।

# अंधे मोड़ पर कार ने बाइकों को मारी टक्कर, एक वृद्ध घायल

**कार से 34 पेटी शराब बरामद, जांच में जुटी पुलिस**



**तेंदूखेड़ा।** पाटन- तेंदूखेड़ा मार्ग पर रविवार शाम एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी बाइकों से टकरा गई। हादसे में एक युवक घायल हो गया, जबकि कार में सवार लोग मौके से फरार हो गए घटना तेंदूखेड़ा पाटन मार्ग पर स्थित भौडी चौराहा के पास हुई हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तो उन्होंने कार के अंदर शराब की पेटियां देखीं इसकी सूचना भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं को दी गई सूचना मिलते ही संगठन के सदस्य मौके पर पहुंचे और कार की जांच की। इस दौरान कार से 34 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई हादसे में घायल वृद्ध की पहचान भौडी निवासी सीताराम यादव उम्र 60 वर्ष के रूप में हुई है। उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया

### पुलिस ने शुरू की जांच तो संगठन ने लगाए आरोप

सूचना मिलने पर तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी रावेंद्र बागरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस ने अवैध शराब जब्त कर ली है और फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है इस हादसे में सड़क किनारे खड़ी दो बाइक एक साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गईं हैं मौके पर पहुंचे भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों ने क्षेत्र में लगातार अवैध शराब परिवहन होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इससे कई परिवार प्रभावित हो रहे हैं। संगठन ने स्थानीय विधायक और पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह से क्षेत्र में अवैध शराब के परिवहन पर रोक लगाने की मांग की है

# स्त्रियों के लिए पति ही प्रधान देवता हैं पति से बढ़कर कोई हितकारी नहीं - पं रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय शैण्डेय बजरिया में स्थित डॉक्टर श्रीपाद शैण्डेय के निवास पर श्रीमद् भागवत मूलपाठ प्रारंभ हुआ इसके पूर्व भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने मूल पाठ के उपरांत व्याख्या करते हुए बताया कि रामचरितमानस में आया है कि महात्मा अत्रि के आश्रम पहुंचकर भगवान श्रीराम ने उन्हें प्रणाम किया तथा महात्मा अत्रि ने भी उन्हें अपने पुत्र की भांति स्नेह पूर्वक अपनाया उन्होंने स्वयं ही श्रीराम का संपूर्ण आतिथ्य सत्कार करके महाभाग लक्ष्मण और सीता को भी सत्कार पूर्वक संतुष्ट किया संपूर्ण प्राणियों के हित में तत्पर रहने वाले धर्मज्ञ मुनिश्रेष्ठ अत्रि ने अपने समीप आई हुई सबके द्वारा सम्मानित तापसी एवं धर्म परायण पत्नी महाभागा अनसूया को संबोधित करके सांत्वना पूर्ण वचनों द्वारा संतुष्ट किया और कहा देवी विदेहराज नंदनी सीता को सत्कार पूर्वक हृदय से लगाओ तत्पश्चात उन्होंने भगवान श्रीराम को धर्म परायणा तपस्विनी अनसूया का परिचय देते हुए कहा कि एक समय 10 वर्षों तक वृष्टि नहीं हुई उस समय जब सारा जगत निरंतर दग्ध होने लगा तब जिन्होंने उग्र तपस्या से युक्त तथा कठोर नियमों से अलंकृत होकर अपने तप के प्रभाव से यहां फल मूल उत्पन्न किए और मंदाकिनी की पवित्र धारा बहाई तथा जिन्होंने 10 हजार वर्षों तक बड़ी भारी तपस्या करके अपने उत्तम व्रत के प्रभाव से ऋषियों के समस्त विघ्नों का निवारण किया था वे ही यह अनुसूया देवी हैं हे निष्पाप राम जिन्होंने देवताओं के कार्य के लिए अत्यंत उतावली होकर 10 रात के बराबर एक रात बनाई थी वे ही यह अनसूया देवी तुम्हारे लिए माता के भांति पूजनीया हैं ये संपूर्ण प्राणियों के लिए वंदनीया तपस्विनी हैं क्रोध तो इन्हें कभी छू भी नहीं सका है विदेहनंदिनी सीता इन अनसूया देवी के पास जाएं ऐसी बात कहते हुए अत्रि मुनी से बहुत अच्छा कहकर श्रीराम ने सीताजी की ओर देखकर यह बात कही कि राजकुमारी महर्षि अत्रि के वचन तो तुमने सुन ही लिए अब अपने कल्याण के लिए तुम शीघ्र ही इन तपस्विनी देवी के पास जाओ जो अपने सत्कर्मों से संसार में अनसूया के नाम से विख्यात हुई हैं वे तपस्विनी देवी तुम्हारे आश्रय लेने योग्य हैं तुम शीघ्र उनके पास जाओ भगवान श्रीराम की आवाज सुनकर मिथिलेश कुमारी सीता धर्म को जानने वाली अत्रि-पत्नी अनसूया के पास चली गईं अनसूया वृद्धावस्था के कारण शिथिल हो गईं थीं उनके शरीर में झुर्रियां पड़ गई थीं तथा सिर के बाल सफेद हो गए थे अधिक हवा चलने पर हिलते हुए कदली वृक्ष के समान उनके सारे अंग निरंतर कांप रहे थे सीता ने निकट जाकर शांत भाव से अपना नाम बताया और उन महाभाग पतिव्रता अनसूया को प्रणाम किया उन संयमशीला तपस्वनी को प्रणाम करके हर्ष से भरी हुई सीता ने दोनों हाथ जोड़कर उनका कुशल समाचार पूछा धर्म का आचरण करने वाली महाभागा सीता को देख अनसूया देवी उन्हें सांत्वना देती हुई बोलीं सीते सौभाग्य की बात है कि तुम धर्म पर ही दृष्टि रखती हो मानिनी सीते बंधु बांधवों को छोड़कर और उनसे प्राप्त होने वाली मान प्रतिष्ठा का परित्याग करके तुम वन में भेजे हुए श्री राम का अनुसरण कर रही हो यह बड़े सौभाग्य की बात है अपने स्वामी नगर में रहे या वन में भले हों या बुरे जिन स्त्रियों को वे प्रिय होते हैं उन्हें महान अभ्युदयशाली लोकों की प्राप्ति होती है पति बुरे स्वभाव का मनमाना बर्ताव करने वाला या धनहीन ही क्यों न हो वह उत्तम स्वभाव वाली नारियों के लिए श्रेष्ठ देवता के समान है विदेहराजनंदिनी मैं बहुत विचार करने पर भी पति से बढ़कर कोई हितकारी बंधु नहीं देखती अपनी की हुई तपस्या के अविनाशी फल की भांति वह इस लोक में और परलोक में सर्वत्र सुख पहुंचाने में समर्थ होता है जो अपने पति पर भी शासन करती है वे काम के अधीन चित्त वाली असाध्वी स्त्रियां इस प्रकार पति का अनुसरण नहीं करतीं उन्हें गुण दोषों का ज्ञान नहीं होता है अतः वे इच्छानुसार इधर-उधर विचरती रहती हैं मिथिलेश कुमारी ऐसे नारियां अवश्य ही अनुचित कर्म में फंसकर धर्म से भ्रष्ट हो जाती हैं और संसार में उन्हें अपयश की प्राप्ति होती है किंतु जो तुम्हारे समान लोक परलोक को जानने वाली साध्वी स्त्रियां हैं वे उत्तम गुणों से युक्त होकर पुण्यकर्मों में संलग्न रहती हैं अतः वे दूसरे पुण्यात्माओं की भांति स्वर्गलोक में विचरण करेंगी, अतः तुम इसी प्रकार अपने इन पतिदेव श्रीरामचंद्र जी की सेवा में लगी रहो सभी धर्म का पालन करो पति को प्रधान देवता समझो और प्रत्येक समय उनका अनुसरण करती हुई अपने स्वामी की सहधर्मिणी बनो इससे तुम्हें सुयश और धर्म दोनों की प्राप्ति होगी।

# बढ़ती मंहगाई बिगाड़ रही किचिन का बजट- रीना बौरासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




जिला महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया के प्रथम आगमन पर जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारो को संबोधित करते हुए रीना बौरासी सेतिया जी ने मोदी सरकार ने कच्चे तेल की वृद्धि की है उससे हमारा किचिन का बजट बिगड़ गया है प्रदेश की कानून व्यवस्था धवस्त है जब कोई पत्रकार सवाल पूछता है तो धक्का दे दिया जाता है जो निंदनीय है नीट जैसी परीक्षाओ के पेपर लीक हो रहे है जिससे लाखो विद्यार्थियों का भविष्य चौपट हो रहा है। जिला महिला कांग्रेस प्रभारी रजनी वर्मा ने कहा लाड़ली बहिना के चक्कर में वृद्धों पेंशन एवं अन्य पेंशन की लाभ नहीं दिया रहा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि समाज के सभी वर्गो के हक की लड़ाई रहे है और लड़ते रहेगें पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि भाजपाई कुछ भी कहते है कुछ भी करते है जगह जगह अराजकता का माहौल बना हुआ है आम आदमी बढ़ती मंहगाई से परेशान है पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा, संजय चौरसिय, जिला कांग्रेस की महिला अध्यक्ष रजनी ठाकुर, वीरेन्द्र दबे, सुषमा विक्रमा सिंह, परम यादव, विक्रम सिंह ने भी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जिला किसी भी महिला के साथ टीम है और उसने दावेदारी की है उसे ही संगठन में प्राथमिकता दी जायें। विजय बहादुर, वीरेन्द्र राजपूत, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, एमएस राही, बसंत कुशवाहा, दृगपाल सींग, शमीम कुरैशी, राव लाखन सींग, शुभम तिवारी, अभिषेक यादव, रियान खान, मुकेश रोहितास, जीशान पठान, खिल्लू ठाकुर, पप्पू कसोटया, राजा रौतेला, रमेश राठौर, अजय जाटव, रमेश राठौर, रफीक खान, अखिलेश सोनी, कमला निषाद, गीता लोधी, प्रीति गौतम, संध्या नायक, अमिता सींग, लीला राठौर, सीता बाई, नीलेश यादव, दुर्गेश नामदेव सहित अनेको महिला नेत्रियों ने अपने बायोडाटा दिये।

# जनता की मांग, स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर व स्टाफ की हो व्यवस्था

**पथरिया-** क्षेत्रीय विधायक व प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंत्री लखन पटेल से क्षेत्रीय जनता की मांग है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जेरठ,सदगुंवा,बासाकलां व शाहपुर में डाक्टरों व स्टाफ की व्यवस्था कराई जाए। जब शासन की आम जनता को स्वास्थ्य के प्रति जो मंशा है कि आम जनता को अपने ही ग्राम में स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना है तो इस पर निचले स्तर तक वास्तविक रूप से कार्य होना चाहिए बिल्डिंग भवन निर्माण बनकर वर्षो से तैयार लेकिन उसके बाद भी डाक्टर व स्टाफ नही होने से सिर्फ भवन शोपीस बनकर रह गए हैं ऐसे में शासन की मंशा पर सवाल खड़े हो रहें हैं कि एक तरफ ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हो इसके लिए प्राथमिक व उप स्वास्थ्य केन्द्र बनाए जा रहे हैं लेकिन जहां बनें उसमें मरीजों को लाभ मिल रहा या फिर नही इसकी जांच होना चाहिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से महज 4-5 किमी दूर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बासाकलां है पर वहां के मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आना पड़ रहा है ऐसे ही शाहपुर,जेरठ,सदगुंवा है। मतलब रिकार्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चल रहे लेकिन मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आना पड़ रहा है तो फिर शासन ने किस उद्देश्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए व स्टाफ दिया इसकी जांच हो। वही अगर आंकड़े देखें जाए तो 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से ज्यादा उप स्वास्थ्य केन्द्र नरसिंहगढ़ में डिलीवरी हो रही ऐसे में जहां स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार की जरूरत है वहां ध्यान नही दिया जा रहा जबकि वर्षो से यह प्रस्ताव जा रहा है। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया जहां प्रतिदिन 200-250 मरीजों की ओपीडी जा रही है उसको सिविल अस्पताल बनाने की मांग की जा रही है पर वह भी मांग लंबित चल रही है।

## देर रात्रि तक चला भजन संध्या का कार्यक्रम

**हिंडोरिया** । नगर में शनि जयंती श्रद्धा ,भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। सुबह से मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा ।भक्तों ने भगवान शनिदेव का अभिषेक कर सुख समृद्धि व परिवार की खुशहाली की कामना की । पुलिस थाना परिसर के सामने वाले शनि देव मंदिर में पंडित द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरित किया गया। इसी प्रकारपटेरा नाकेपर स्थित शनि देव मंदिर परिसर में सुबह पूर्व से चल रही अखंड रामायण पाठ का हवन पूजन के साथ समापन किया गया ।दोपहर से रात्रि तक महा भंडारी का आयोजन किया गया। जिसमें तीन क्विंटल खिचड़ी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद के साथ वितरण की गई। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सजावट व फूल मालाओं से भव्य रूप से सजाया गया । मंदिर के प्रबंधक करन बाबा ने बताया कि इस दिन पीपल वृक्ष की जड़ में जल चढ़कर दीपक जलाने से शनि देव की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन की समस्त बधाए दूर होती हैं ।शाम को भजन संध्या जागरण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें महिला एवं पुरुष मंडलियों के कलाकारों ने शनि देव ,श्री राम और अन्य देवी देवताओं के भजनों की प्रस्तुतियां दी ।इन भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे जिससे पूरे मंदिर परिसर भक्तिमयमाहौल से गूंज उठा, बीच-बीच में श्रद्धालुओं के द्वारा शनि देव महाराज के जय-जय कारे लगाएं जा रहे थे। उक्त अवसर पर भारी संख्या में भक्तों कीभीड़ रही।

# नीट पेपर लीक के विरोध में एनएसयूआई का नीट न्याय अभियान शुरू, मांगा न्याय

**एनटीए भंग करने और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

एन यस यू आई के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र जबेरा के अध्यक्ष अध्यक्ष प्रवीण राय के नेतृत्व में रविवार को देशभर में सामने आ रहे परीक्षा घोटालों और कथित नीट 2026 पेपर लीक मामले को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई ने नीट न्याय अभियान की शुरुआत की है। संगठन ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए को भंग करने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई है। एनएसयूआई के जबेरा विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों से लाखों छात्र-छात्राओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है और शिक्षा व्यवस्था पर लोगों का विश्वास कमजोर पड़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए वर्षों तक मेहनत कर पैसा जुटाते हैं, लेकिन परीक्षा से पहले पेपर लीक जैसी घटनाएं छात्रों के सपनों और आत्मविश्वास को तोड़ देती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2015 के एआईपीएमटी घोटाले, 2024 के नीट विवाद और अब 2026 में सामने आए मामले यह दर्शाते हैं कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पूरी तरह विफल साबित हुई है। प्रवीण राय ने कहा कि हर बार भ्रष्ट तंत्र बच निकलता है, जबकि ईमानदार छात्रों को मानसिक तनाव, आर्थिक नुकसान और अन्याय का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल एक परीक्षा की नहीं, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था में भरोसे की लड़ाई है। एनएसयूआई ने केंद्र सरकार के सामने कई मांगें रखी हैं। इनमें राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को तत्काल भंग करना, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, उच्चतम न्यायालय की निगरानी में सीबीआई जांच, प्रभावित छात्रों को मुफ्त मानसिक स्वास्थ्य सहायता और कानूनी मदद उपलब्ध कराना शामिल है। इसके अलावा यदि पुनः परीक्षा आयोजित की जाती है तो छात्रों और अभिभावकों के लिए मुफ्त परिवहन, ठहरने और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी की गई है। एनएसयूआई ने कहा कि यदि कोई छात्र या परिवार नीट 2026 से प्रभावित हुआ है, तो वह संगठन से संपर्क कर अपनी बात रख सकता है। इसके लिए टोल फ्री नंबर 9268030030 जारी किया गया है।

# भडेरी में भीषण पेयजल संकट, 2 किमी दूर खेतों से ला रहे पानी

**जल जीवन मिशन की सप्लाई बंद, हैंडपंप भी सूखे; मवेशियों पर भी संकट, ग्रामीणों ने जल्द समाधान की मांग की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुबरा के ग्राम भडेरी में गंभीर पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गांव में पिछले 10 दिनों से जल जीवन मिशन की जल आपूर्ति पूरी तरह बंद पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थिति यह है कि गांव में मौजूद दोनों हैंडपंप भी सूख चुके हैं और पीने के पानी का कोई वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध नहीं है। गांव में तालाब न होने के कारण लोग मजबूरी में लगभग 2 किलोमीटर दूर खेतों में स्थित निजी बोर से पानी लाकर अपनी जरूरतें पूरी कर रहे हैं, जहां भी पानी कभी-कभी ही उपलब्ध हो पाता है।

पानी की किल्लत का असर सिर्फ ग्रामीणों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि मवेशी भी गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, पशु पानी के अभाव में भटक रहे हैं।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह मौके पर पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं। ग्रामवासियों में भागवत झरिया, राजकुमार, अजय, कारे लाल, तिरथ प्रधान, भगवत प्रसाद और चंद्रानी सहित अन्य लोगों ने स्थिति की गंभीरता से अवगत कराया।

ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन की सप्लाई बंद होने और हैंडपंप खराब होने के कारण पूरा गांव जल संकट से जूझ रहा है।

जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि गांव में पेयजल आपूर्ति तत्काल बहाल की जाए, अन्यथा स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीणों की परेशानी बढ़ती जाएगी।